# विद्या भारती संकुल संवाद

अक्टूबर 2025
आश्विन–कार्तिक
विक्रमी संवत 2082

“सा विद्या या विमुक्तये”





# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की पर्यावरण संयोजकों की कार्यशाला

## विशेष

- 36वीं अखिल भारतीय कुश्ती, जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता
- सप्तशक्ति आयोजन का शुभारंभ
- विद्या भारती पूर्व क्षेत्र की शैक्षिक समूह बैठक
- इंडिया मोबाइल कांग्रेस में विद्या भारती ने भी किया प्रतिभाग
- डिजिटल पोर्टल को प्रभावी एवं इंटरएक्टिव रूप देने पर मंथन
- विद्या मंदिर के छात्र युवराज गुप्ता नासा के "हॉल ऑफ फेम" में
- किकबॉक्सिंग में स्वर्ण पदक — रुद्रप्रताप शान ने किया जम्मू-कश्मीर का नाम रोशन
- KBC जूनियर में जानवी पुरसवानी ने जीते ₹5 लाख, बढ़ाया विद्यालय का गौरव










# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की पर्यावरण संयोजकों की कार्यशाला तेपला में सम्पन्न





अम्बाला | विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में पर्यावरण विषय के प्रांत संयोजकों एवं सह-संयोजकों की अखिल भारतीय कार्यशाला का आयोजन 4 से 6 अक्टूबर तक हरियाणा राज्य के अंबाला जिले के नंदलाल गीता विद्या मंदिर, तेपला में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। देशभर से पर्यावरण संरक्षण गतिविधि से जुड़े प्रांत प्रमुख, संयोजक एवं सह-संयोजकों ने कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत जी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "पर्यावरण के प्रति कर्तव्यनिष्ठा का निर्वहन प्रत्येक नागरिक का धर्म है। शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन में पर्यावरण एक महत्वपूर्ण घटक है, जो भारतीय जीवन पद्धति का अभिन्न अंग रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि पंचभूत – मिट्टी, जल, वायु, अग्नि और आकाश – का संतुलन बिगड़ना अत्यंत चिंतनीय है। अतः विद्यालयों में नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करनी होगी।

ग्वालागद्दी दुग्ध उत्पादक समूह के श्री मोहन सिंह अहलुवालिया ने भी पर्यावरण संरक्षण में समाज की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।



अखिल भारतीय पर्यावरण संयोजक श्री गोपाल जी आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्बन उत्सर्जन से बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने पाँच 'ज' – जल, जमीन, जंगल, जानवर और जन – की सुरक्षा पर बल देते हुए कहा कि मानव की आवश्यकताओं से अधिक उपभोग ही पर्यावरण असंतुलन का मूल कारण है। उन्होंने प्रतिभागियों से शून्य कचरा घर, हरित विद्यालय तथा प्लास्टिक डोनेशन डे जैसे व्यवहारिक प्रयोगों को अपनाने का आग्रह किया।

उत्तर क्षेत्र सह-संगठन मंत्री श्री बालकिशन जी ने कहा कि "पेड़ बढ़ाएं, जल बचाएं और प्लास्टिक घटाएं" का संकल्प हर विद्यालय और समाज में व्यवहारिक रूप से लागू किया जाए। उन्होंने रासायनिक खादों से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की ओर ध्यान दिलाया और जैविक खाद निर्माण को प्रोत्साहित किया।

अखिल भारतीय सह-संयोजक श्री देरामाराम जी ने कार्यशाला का वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस बार 30 प्रांतों से कुल 46 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो अब तक की सर्वाधिक संख्या रही। कार्यशाला के 13 सत्रों में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ और आगामी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई।

समापन सत्र में श्रीमती पूजा अग्रवाल (चेयरपर्सन, भारत विकास परिषद – उत्तर क्षेत्र पर्यावरण), श्री अनुज अग्रवाल, श्री विजय नड़ड़ा जी (प्रचारक, आरएसएस एवं विद्या भारती उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री) तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री भूपेंद्र धर्माणी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य श्री घनश्याम जी, समिति सदस्यों, आचार्यों, दीदीयों तथा भैया-बहनों का विशेष सहयोग रहा।

# 36वीं अखिल भारतीय कुश्ती, जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता

## मथुरा के श्री बाबा सरस्वती विद्या मंदिर ने जीती अखिल भारतीय कुश्ती, जूडो एवं कुराश ओवरऑल चैंपियनशिप







भोपाल, 26 अक्टूबर — शारदा विहार आवासीय विद्यालय, भोपाल में 23 से 26 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 36वीं अखिल भारतीय कुश्ती, जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता में पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों खेलों की ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की।

कुश्ती में 31 स्वर्ण, 22 रजत, 14 कांस्य के साथ 235 अंक, जूडो में 14 स्वर्ण, 11 रजत, 17 कांस्य से 120 अंक, तथा कुराश में 22 स्वर्ण, 8 रजत, 7 कांस्य से 141 अंक प्राप्त कर पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र सर्वश्रेष्ठ घोषित हुआ।

मुख्य विजेताओं में दीपेश (72 किग्रा, स्वर्ण), गौरव कसाना (70 किग्रा, स्वर्ण), आकाश (65 किग्रा, रजत), चंद्रपाल (57 किग्रा, रजत), प्रमोद (61 किग्रा, कांस्य) और कपिल (92 किग्रा, कांस्य) शामिल रहे।

## अभा कुराश प्रतियोगिता में उज्जैन के अंकित ने जीता स्वर्ण पदक





## शामली की बालिकाओं ने 36वीं जूडो एवं कुराश प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण और रजत पदक, क्षेत्र का नाम किया रोशन





# “एनईपी का उद्देश्य व्यक्ति का पंचकोशीय विकास है” — गोबिन्द चंद्र महंत जी





केरल | तीन दिवसीय केरल प्रवास के दौरान उन्होंने 23 अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम स्थित विद्या निकेतन क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित राज्य कार्यकारिणी बैठक को संबोधित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) का उद्देश्य व्यक्ति के समग्र विकास की दिशा में कार्य करना है। जहाँ पाश्चात्य दृष्टिकोण केवल शरीर और मन तक सीमित है, वहीं भारतीय शिक्षा दर्शन शरीर, प्राण, मन, बुद्धि और आत्मा — इन पाँचों के विकास पर बल देता है। स्वामी विवेकानंद के शब्दों में — “शिक्षा मनुष्य निर्माण की प्रक्रिया है।”

इसी भाव को साकार करने हेतु पंचपदी शिक्षा पद्धति व्यक्ति को स्वयं से परमेष्ठी तक की यात्रा कराती है।

इस विचार को व्यवहार में लाना, अर्थात एनईपी का क्रियान्वयन, भारतीय विद्या निकेतन के प्रत्येक कार्यकर्ता की प्रमुख जिम्मेदारी है, ऐसा कहना था विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री माननीय गोबिन्द चंद्र महंत जी का।

इस अवसर पर उन्होंने ऊरूरुट्टमबलम विद्यालय, पारशाला विद्यालय, वर्कला स्थित शिवगिरि मठ तथा पद्मनाभस्वामी मंदिर का भी भ्रमण किया।

# 36वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाएँ




झांसी | भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में आयोजित विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह–2025 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर संस्थान से जुड़े महानुभावों एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि “विद्या भारती भारत की परंपरा, संस्कृति और आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्रीयता की भावना को जागृत करने वाली अग्रणी संस्था है।”



भोपाल | विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता एवं मध्य क्षेत्र की 36वीं क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन शारदा विहार शैक्षणिक संस्थान, भोपाल में मुख्य अतिथि भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय रहीं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री विवेक शेंडये, क्षेत्रीय सचिव श्री जितेंद्र सिंह परिहार, संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। लगभग 550 खिलाड़ी भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे संपूर्ण परिसर खेलभावना, अनुशासन और ऊर्जा से आलोकित रहा।

# सप्तशक्ति आयोजन का शुभारंभ

## मध्यभारत प्रांत में होंगी करीब 6 हजार गोष्ठियां






मुरैना | विद्या भारती मध्यभारत प्रांत ने सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का विभागीय आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, शिक्षा नगर, मुरैना में किया। मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता गोखले ताई ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें परिवार की एकता और नारी की सृजनशीलता में निहित हैं। उन्होंने पारिवारिक संबंधों को समाज के संस्कार निर्माण का आधार बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती सरिता पटेल ने भारतीय नारियों के गौरवशाली योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण की शुरुआत पारिवारिक संस्कारों से होती है। उन्होंने पंच परिवर्तन के विषय में मातृ-शक्ति की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। विभाग संयोजिका श्रीमती मंजू शर्मा ने बताया कि प्रांत में लगभग 6000 गोष्ठियों के माध्यम से नारीशक्ति प्रबोधन का व्यापक अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ वीर माताओं व समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली बहनों का सम्मान किया गया। मध्यभारत प्रांत में पांच विभागों के कार्यक्रम शिक्षानगर मुरैना, चंदेरी जिला अशोकनगर, राजगढ़, सिरोंज जिला विदिशा और कालापाठा बैतूल में सम्पन्न हुए।

# विद्या भारती पूर्व क्षेत्र की शैक्षिक समूह बैठक

हुगली (प.बंगाल)। विद्या भारती पूर्व क्षेत्र की दो दिवसीय शैक्षिक समूह बैठक ब्रह्मचारी ज्योतिर्मय शिशु मंदिर, हुगली में आयोजित की गई।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, शैक्षिक परिषद की संरचना, शिक्षण-सामग्री के प्रभावी उपयोग और विद्यालयों में नवाचार को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा जी, सह मंत्री पवित्रा दाहाल जी, पूर्व क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. आनंद जी आदि उपस्थित रहे।







बैठक में सिक्किम, उत्तर बंग, दक्षिण बंग, ओडिशा और अंडमान-निकोबार प्रांत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। द्वारहट्टा, दक्षिण बंग में आयोजित इस बैठक में 32 आचार्य एवं आचार्या, 4 अखिल भारतीय कार्यकर्ता और 7 क्षेत्रीय कार्यकर्ता सहित लगभग 50 शिक्षाविदों ने भाग लिया।

# उत्तर क्षेत्र संस्कृति महोत्सव का आयोजन







नई दिल्ली | विद्या भारती द्वारा संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत "उत्तर क्षेत्र संस्कृति महोत्सव" का आयोजन गोवर्धन लाल त्रेहन सरस्वती बाल मंदिर, नेहरू नगर, नई दिल्ली में किया गया। इस तीन दिवसीय आयोजन में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब एवं दिल्ली प्रांत के चयनित छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।







इस दौरान कथा कथन, आशु भाषण, भारतीय संस्कृति की गौरवगाथा और लोकनृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। लोक नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना नलिनी जी एवं कमलिनी जी उपस्थित रहीं।

संस्कृति महोत्सव में विशेष रूप से उत्तर क्षेत्र के महामंत्री दिलाराम जी, वरिष्ठ अधिकारी सुरेंद्र अत्री जी, दिल्ली प्रांत के महामंत्री सतीश माहेश्वरी जी, कपिल मिश्रा जी मंत्री कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग दिल्ली सरकार, श्री सुखराज सेठिया अध्यक्ष, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, श्री ब्रह्मदेव मंत्री, विद्या भारती के अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा जी, श्याम जाजू जी पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, डॉ. विधा लाल एवं श्रीमती भास्वती मिश्रा पुत्रवधू पंडित बिरजू महाराज जी आदि उपस्थित रहे।

# सुनहरी दीपावली का आयोजन

दिल्ली | विद्या भारती, दिल्ली प्रांत पूर्व छात्र परिषद की विद्यालय इकाई SBMAA ने महाशय चुन्नीलाल स. बा. मं., हरिनगर में सुनहरी दीपावली 2025 का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के 1995 बैच के पूर्व छात्र एवं भारतीय सेना के वीर अधिकारी कर्नल समीर अरोड़ा को प्रांत संयोजक श्री अनुभव अग्रवाल और प्रचार प्रमुख डॉ. शैलेश भारद्वाज ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में देशभक्ति आधारित प्रस्तुतियां, ऑपरेशन सिंदूर विजय उत्सव एवं विद्या भारती प्रचार विभाग द्वारा निर्मित संघ शताब्दी वर्ष की लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।






# कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय एवं कक्षा-कक्षों का अवलोकन





उत्तराखंड | महात्मा योगेश्वर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में उत्तरकाशी जाते हुए विद्या भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द महंत जी, विद्या भारती उत्तराखंड के प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजय पाल जी और संभाग निरीक्षक श्री नत्थी लाल बंगवाल जी का आगमन हुआ।

माननीय अधिकारियों ने विद्यालय की कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विशाल कक्ष एवं कक्षा-कक्षों का अवलोकन किया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कर्णवाल, प्रबंधक श्री मदन मोहन शर्मा और प्रधानाचार्य डॉ. मनोज रयाल ने स्वागत किया।

# AI Teacher का उद्घाटन

पंजाब | सर्वहितकारी विद्या मन्दिर मलेरकोटला में शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी नवाचार एआई टीचर का उद्घाटन प्रांत महामंत्री और संगठन मंत्री ने किया। AI Teacher हमारे ज्ञान की नई दिशा है जो बच्चों की अलग-अलग शिक्षा ज़रूरतों को समझकर, व्यक्तिगत कठिनाइयों को पहचानकर उसके अनुसार सीखने में मदद करेगा।

कठिन विषय भी अब सरल और रोचक बन जाएंगे। AI Teacher शिक्षकों का सहयोगी बनकर उनके काम को आसान बनाएगा जिससे वे विद्यार्थियों के व्यावहारिक, नैतिक और जीवन-मूल्य संबंधी विकास पर और अधिक ध्यान दे सकेंगे। यह विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक सोच को भी निखारेगा।





# लघु फ़िल्म 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–100 वर्ष' का विमोचन

विद्या भारती, दिल्ली प्रांत के प्रचार विभाग द्वारा निर्मित लघु फ़िल्म "राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ– 100 वर्ष (पूर्ण संस्करण)" का गोवर्धन लाल त्रेहन सरस्वती बाल मंदिर, नेहरू नगर में विमोचन किया गया। इस अवसर पर श्री देशराज शर्मा, महामंत्री, विद्या भारती, श्री श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा एवं डॉ. सतीश माहेश्वरी महामंत्री, दिल्ली प्रांत आदि उपस्थित रहे। फ़िल्म की संकल्पना व पार्श्व स्वर श्री मंगेश बापट ने और डॉ. शैलेश भारद्वाज ने निर्माण में सहयोग किया गया।



# इंडिया मोबाइल कांग्रेस में विद्या भारती ने भी किया प्रतिभाग








देश के डिजिटल भविष्य को गति देने वाले एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस में विद्या भारती ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

विद्या भारती की ओर से राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवीन्द्र कान्हरे जी और सोशल मीडिया संयोजक श्री आलोक तिवारी जी सम्मिलित हुए।

विद्या भारती न केवल पारंपरिक शिक्षा में बल्कि देश के तकनीकी और डिजिटल नवाचारों को समझने और उन्हें शिक्षा क्षेत्र में एकीकृत करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 6G, AI, साइबर सुरक्षा और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया, जो विद्या भारती के शैक्षिक तंत्र को भविष्य की प्रौद्योगिकियों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस का नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था और इसमें 150 से अधिक देशों से प्रतिनिधि और 400 से अधिक कंपनियां शामिल हुई थीं।

# डिजिटल पोर्टल को प्रभावी एवं इंटरएक्टिव रूप देने पर मंथन

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद देशभर में 10 लाख से अधिक पंजीकृत पूर्व छात्रों के साथ एक विशाल एवं सशक्त परिवार बन गई है। पूर्व छात्र परिषद् के डिजिटल पोर्टल को और प्रभावी एवं इंटरएक्टिव रूप देने के लिए कोलकाता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री गोबिन्द चंद्र महंत जी, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्र खेतान जी, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री चामडिया जी और पूर्व छात्र परिषद के प्रभारी श्री विजय नड्डा जी ने पोर्टल टीम का मार्गदर्शन किया। यह बैठक न केवल तकनीकी सुधार का प्रयास थी, बल्कि पूर्व छात्रों के माध्यम से समाज में शिक्षा, सेवा और संस्कार के प्रसार के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने का एक अवसर भी बनी।





# उपलब्धियां

## विद्या मंदिर के छात्र युवराज गुप्ता नासा के "हॉल ऑफ फेम" में



कानपुर के दामोदर नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के 11वीं के छात्र युवराज गुप्ता ने नासा की वेबसाइट में बड़ी सुरक्षा खामी की पहचान कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित की है। युवराज गुप्ता को उनकी असाधारण प्रतिभा के लिए नासा के "हॉल ऑफ फेम" में जगह मिली है। उन्होंने जो खामी पता लगाई है, उससे कोई भी नासा के आधिकारिक डोमेन से फर्जी ईमेल भेज सकता था।

## किकबॉक्सिंग में स्वर्ण पदक — रुद्रप्रताप शान ने किया जम्मू-कश्मीर का नाम रोशन




जम्मू-कश्मीर | भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, किश्तवाड़ के कक्षा 12 के छात्र रुद्रप्रताप शान ने जयपुर में आयोजित 13वीं ओपन नेशनल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में किकबॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय और भारतीय शिक्षा समिति जम्मू-कश्मीर का गौरव बढ़ाया।

## KBC जूनियर में जानवी पुरसवानी ने जीते ₹5 लाख, बढ़ाया विद्यालय का गौरव



सरस्वती शिशु मंदिर, दीनदयाल कॉलोनी, नारियलखेड़ा (भोपाल) की कक्षा 5वीं की छात्रा जानवी पुरसवानी ने लोकप्रिय टीवी कार्यक्रम "कौन बनेगा करोड़पति – जूनियर" में शानदार प्रदर्शन करते हुए ₹5 लाख की राशि जीती।
अमिताभ बच्चन जी के प्रश्नों का आत्मविश्वासपूर्वक उत्तर देकर जानवी ने विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया।


# विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान

प्रज्ञा सदन -जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर परिसर,
नेहरू नगर, महात्मा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110065

www.vidyabharti.net I www.vidyabharatisamvad.com
Email : vbabss@yahoo.com I vbsamvad@gmail.com
Contact Us : 91 - 11 -29840013, 29840126, 20886126

@VidyaBharatiIN